9 अगस्त, 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के तीनों संभागों में सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक डॉ. के.एल.कौशिक के मार्गदर्शन में "प्रतिभा खोज" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षणेतर गतिविधियों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महाविद्यालय छुपी प्रतिभाओं को विशेष अवसर प्रदान करता है और प्राध्यापकों का दायित्व बच्चों में निहित क्षमताओं को संवारना और उजागर करना है। इस कार्यक्रम में भाषण, कविता–पाठ, संगीत, नृत्य, नाटक, मूक अभिनय इत्यादि के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी–अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती किरण आनन्द, डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. शिल्पा गोयल, डॉ. उषा चौधरी और डॉ. रेणु माहेश्वरी की देख–रेख में हुआ। सभी संकायों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य ने नव भारत के निर्माण के लिए युवाओं को भ्रष्टाचार, गरीबी, आतंकवाद, संप्रदायावाद, जातिवाद मुक्त रहने और स्वच्छता का संकल्प करवाया।